बॉलीवुड एक्ट्रेस बॉक्स ऑफिस पर भीड़ जमा करने में होंगी सफल : विद्या बालन

अपने सशक्त अभिनय से बॉलीवुड में अहम स्थान बना चुकीं अभिनेत्री विद्या बालन का कहना है कि एक समय वह भी आएगा, जब महिला किरदार अपने दम पर बॉक्स ऑफिस पर भीड़ जमा करने में सफल होगी।

बॉलीवुड में ज्यादातर पुरुष सुपरस्टार ही ऐसे होते हैं, जो किसी फिल्म के लिए भीड़ को एकत्र करते हैं। प्राथमिक तौर पर उनके नाम ही फिल्म के ब्लॉकबस्टर व्यापार को सुनिश्चित करते हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वहीं दूसरी ओर महिला प्रधान फिल्में, जो आमतौर पर बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन करती हैं, उन्हें मध्यम से कम बजट सेट-अप में निर्मित की जाती हैं, ताकि वे जल्द से जल्द मुनाफा कमा सकें और कम से कम फिल्म को हिट स्टेटस पर पहुंचा सके। लेकिन विद्या का मानना है कि एक दिन ऐसा भी आएगा, जब यह परिदृश्य बदलेगा और महिला प्रधान फिल्में अपने दम पर व्यापार करने में सफल होंगी।

विद्या बालन ने अपनी फिल्म मिशन मंगल के प्रोमोशनल इवेंट के दौरान कहा कि उनको उम्मीद है कि परिस्थिति में बदलाव आएगा। फिल्म में अक्षय कुमार सहित सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू, कीर्ति कुल्हारी और नित्या मेनन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

महिला प्रधान फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ओपनिंग क्यों नहीं मिलती, इस प्रश्न के जवाब में विद्या ने कहा, इस बात में कोई दो राय नहीं है कि इस फिल्म में देश के सबसे बड़े सितारों में से एक स्टार अक्षय कुमार हैं। जब आप किसी फिल्म के व्यवसाय के बारे में बात करते हैं, तो आप पुरुष अभिनेता को लेकर बात करते हैं। लेकिन चीजें बदल रही हैं, हम (महिला किरदार) फिल्मों में सुर्खियों में रहे हैं, हमारी फिल्में अच्छा कर रही हैं। उम्मीद है कि कुछ सालों में यह बदलाव भी हो जाएगा। लेकिन आज तक, जब आप किसी फिल्म के व्यवसाय के बारे में बात करते हैं, तो आप यही कहते हैं कि अक्षय कुमार की फिल्म ने इतनी कमाई की है।

निर्देशक जगन शक्ति की फिल्म मिशन मंगल गुरुवार को अपने ओपनिंग वाले दिन 29.16 करोड़ रुपये की कमाई करने में सफल रही, लेकिन शुक्रवार को यह आंकड़े घटकर 17.28 करोड़ रुपये रह गए।

स्मृति खन्ना बेहद बोल्ड अंदाज़ में एंजॉय कर रही हैं वेकेशन

टीवी सीरियल मेरी आशिकी तुमसे ही फेम टीवी अभिनेत्री स्मृति खन्ना इन दिनों पति गौतम गुप्ता के साथ रोमांटिक वेकेशन का आनंद ले रही हैं. 2०17 में शादी करने वाले लवबर्ड कैलिफोर्निया में बेवर्ली हिल्स जैसे फॉरेन ट्रिप पे अपनी लाइफ का क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं. यह कपल अपनी छुट्टियों की डायरी से तस्वीरों को अपने चाहने वालों के बीच शेयर कर रहे हैं. इस तस्वीर में छोटे पर्दे की अभिनेत्री स्मृति को स्टाइलिश टू-पिस बिकिनी में बेहद बोल्ड अंदाज़ में देखा जा सकता है. अभिनेत्री की बाकी तस्वीर की बात करें तो स्मृति ब्लैक कलर की बिकिनी में अपने कर्व्स को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. इस तस्वीर में अभिनेत्री के क्या कहने... उनका ये अंदाज़ वाकई सबसे जुदा नजर आ रहा है.

स्मृति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने चाहनेवालों के बीच अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. उनके फैंस अपनी पसंदीदा अभिनेत्री की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं. स्मृति खन्ना और गौरव गुप्ता छोटे पर्दे के सबसे क्यूट कपल में से एक हैं. मेरी आशिकी तुमसे ही के सह-कलाकारों ने 23 नवंबर, 2०17 को शादी कर ली. तब से यह जोड़ी लोगों के नजरों में आई और उनके चाहनेवालों में काफी इजाफा भी हुआ.

अपने नए वेस्टर्न लुक से तेजस्वी प्रकाश हैं बेहद खुश

अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश को स्वरागिनी और पहरेदार पिया की जैसे टेलीविजन शो में ज्यादातर पारंपरिक भारतीय परिधानों में ही देखा गया है, लेकिन अब तेजस्वी खतरों के खिलाड़ी के आने वाले सीजन में अपने लुक के साथ एक्सपेरीमेंट करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस रियलिटी गेम शो में तेजस्वी वेस्टर्न आउटफिट में नजर आएंगी। अपने इस ट्रांसफॉरमेशन पर तेजस्वी ने कहा, मैं वेस्टर्न परिधानों में खुद को सहज महसूस करती हूं हालांकि मैंने जो भी कार्यक्रम किए हैं, उनके लिए मुझे भारतीय परिधान पहनने की जरूरत है। हाल ही में मैंने काफी ज्यादा वर्कआउट किया है और मेरी बॉडी पर इसके परिणाम को देखना काफी संतोषदायक है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग मुझे देख रहे हैं, उनके सामने इस इंडियन लुक से बाहर आकर बेहद अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं किसी ऐसे में टाइपकास्ट नहीं होना चाहती जो केवल भारतीय किरदार ही करती है। तेजस्वी फिलहाल बुल्गारिया में इस स्टंट रियलिटी शो के लिए शूटिंग कर रही हैं।